# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 23 अप्रैल 2024, मंगलवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित विशाल रैली में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**महाराष्ट्र में एनडीए की शानदार विजय होगी**

**************

**मोदी जी विकास की काँवड़ यात्रा लेकर देश की चारों दिशा में निकले हुए हैं**

**************

**जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता है, CAA को कोई हाथ भी नहीं लगा सकता**

**************

**कांग्रेस कुछ भी कह ले, न कांग्रेस को सत्ता में वापस आने देंगे और न ट्रिपल तलाक को वापस लेने देंगे**

**************

**सोनिया मनमोहन सरकार के 1 लाख 91 हजार करोड़ रुपए के मुकाबले मोदी सरकार ने 10 साल में 7 लाख 15 हजार करोड़ रुपए दिए**

**************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज मंगलवार को महाराष्ट्र के अकोला में जनसभा को संबोधित किया और कांग्रेस पर आरक्षण के मुद्दे पर जनता को गुमराह करने को लेकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर बावनकुले अकोला लोकसभा प्रत्याशी श्री अनूप संजय धोत्रे सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आज हनुमान जन्मोत्सव है, और कुछ समय पूर्व ही आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या में राम लला के भव्य मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की है। इंडी गठबंधन वाले कहते हैं राम मंदिर नहीं बनना चाहिए था, आजादी के बाद 70 सालों तक कांग्रेस ने राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा लेकिन जनता ने आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और 5 वर्षों में ही फैसला भी आ गया, भूमि पूजन भी हो गया और भव्य राम मंदिर बनकर भी तैयार हो गया है। **500 वर्षों के बाद इस राम नवमी पर भव्य राम मंदिर में राम लला के कपाल पर तिलक होते हुए भक्तों ने देखा है और यह आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कारण ही संभव हुआ है।** श्री शाह ने कहा कि अकोला की कावड़ यात्रा पूरे देश में प्रसिद्ध है। **जिस तरह से पूर्णा नदी का पानी लेकर भक्त महादेव का अभिषेक करने जाते हैं उसी तरह आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी विकास की कांवड़ यात्रा लेकर पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण चारों दिशाओं में निकले हुए हैं।** समग्र देश का विकास करके विकसित भारत बनाना ही इस कांवड़ यात्रा का संकल्प है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस देश को अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में विश्व में 10वें स्थान पर छोड़ के गई थी, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश 5वें स्थान पर पहुंच

गया है। यदि अकोला की जनता आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दे तो देश को तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था बनाने का कार्य किया जाएगा। देश का अर्थतंत्र जब तीसरे स्थान पर आएगा तो इसका लाभ युवाओं, किसानों, महिलाओं, दलितों और आदिवासियों को होगा। महाराष्ट्र की जनता को ये संकल्प लेना है कि महाराष्ट्र की हर सीट आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में डालनी है। श्री शाह ने कहा कि लोकसभा प्रत्याशी अनूप संजय धोत्रे को दिया गया एक-एक वोट आदरणीय प्रधानमंत्री जी को मिलने वाला है। **कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे कहते हैं कि महाराष्ट्र वालों का कश्मीर से क्या लेना देना? खड़गे साहब को पता नहीं है कि अकोला का एक-एक युवा कश्मीर के लिए अपनी जान दे सकता है**। कांग्रेस सरकार ने 70 वर्षों तक धारा 370 को अनौरस बच्चे की तरह गले लगाकर रखा था, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभिन्न अंग बना दिया। सोनिया-मनमोहन की सरकार में आए दिन पाकिस्तान से आतंकी आकार बम धमाके करके चले जाते थे और कांग्रेस पार्टी वोट बैंक की राजनीति के कारण कुछ नहीं करते थे। भाजपा सरकार में पुलवामा और उरी में आतंकियों ने हमला करने की गलती की, 10 दिनों के भीतर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके आतंकियों को खत्म करने का कार्य किया गया।

श्री शाह ने कहा कि **महाराष्ट्र से नक्सलवाद से मुक्त करने का कार्य भाजपा सरकार ने किया**। कांग्रेस पार्टी कहती है कि वो शासन में आए तो तीन तलाक वापस लेकर आएंगे। श्री शाह ने कहा कि **न कांग्रेस पार्टी को वापस आने देंगे, न तीन तलाक को वापस आने देंगे**। अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान में हमारे हिन्दू, सिख, बौद्ध और जैन भाइयों पर अत्याचार हुए, उनकी बहन-बेटियों के साथ दुराचार किया गया। **भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नागरिकता संशोधन विधेयक लाकर शरणार्थी भाइयों को नागरिकता देने का काम किया है।** श्री शाह ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि **कांग्रेस के नेता पी चिदम्बरम सीएए कानून को रद्द करने की बात करते हैं, लेकिन जब तक भाजपा का एक छोटा बच्चा भी जीवित है, देश से सीएए समाप्त नहीं हो सकता।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में गरीब कल्याण हेतु अनेक काम किये हैं। देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज निःशुल्क उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की है। 12 करोड़ शौचालय बनाए, 4 करोड़ गरीबों को घर दिए, 10 करोड़ लोगों को उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए, 4 करोड़ लोगों को नल से जल दिया, 60 करोड़ लोगों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा दिया। भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा है कि आगामी 5 वर्षों में 70 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति का निःशुल्क इलाज कराया जाएगा, जनता के घर में पाइप से गैस भेजा जाएगा।

इंडी एलायंस पर प्रहार करते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ फैला रही है, कि भारतीय जनता पार्टी शासन में आई तो देश से आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। **भारतीय जनता पार्टी ने 2014 से शासन में है, और भाजपा ने पूर्ण बहुमत का उपयोग 370 को हटाने, तीन तलाक हटाने, आतंकवाद समाप्त करने और सीएए लाने में किया।** जब तक देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, कोई भी अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का आरक्षण नहीं हटा सकता। श्री शाह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और श्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में जल प्रबंधन के लिए 89 करोड़ लागत की बेनगंगा- नलगंगा इन्टरलिंकिंग परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई है, जिससे अकोला का जल संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इस योजना के माध्यम से नागपुर, वर्धा, अमरावती, अकोला और बुढ़ाना जिले की लगभग 4 लाख हेक्टेयर जमीन को सिंचाई करने का प्रबंध हो जाएगा। भाजपा सरकार ने अकोला में ई-बस सेवा को शुरुआत की है। अकोला में वेटेरनिटी कॉलेज खोला, 160 करोड़ की लागत से विदर्भ-मराठवाडा डेयरी प्रोजेक्ट डाला गया, बुधाना में मॉडर्न ऑरेंज प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट डाला, 1700 करोड़ की लागत से वैस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अकोला में 2 लाख माताओं को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलिन्डर देने का कार्य किया।

श्री शाह ने कहा कि 10 वर्षों तक महाराष्ट्र में शासन करने के बाद भी राज्य के विकास के लिए क्या किया? श्री शाह ने कहा कि **सोनिया-मनमोहन ने महाराष्ट्र को 1 लाख 91 हजार करोड़ रुपये दिए थे लेकिन भाजपा सरकार ने 7 लाख 15 हजार करोड़ रुपये दिए हैं**। 2 लाख 90 हजार करोड़ रुपये मूलभूत ढांचे के विकास के लिए, 75 हजार

करोड़ रुपये सड़क निर्माण के लिए, 2 लाख 10 हजार करोड़ रेलवे के विकास के लिए और 4 हजार करोड़ एयरपोर्ट के लिए देने के कार्य किया है। आज भाजपा सरकार में महाराष्ट्र का स्थान निवेश के क्षेत्र में पहला है। **आधी शिवसेना, आधी एनसीपी और इन दोनों ने मिलकर आधी की हुई कांग्रेस, ये तीन आधी पार्टियां महाराष्ट्र का भला नहीं कर सकती हैं**। **महाराष्ट्र का विकास आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में श्री एकनाथ शिंदे, श्री देवेन्द्र फडणवीस और श्री अजीत पवार की सरकार ही कर सकती है**। यह समय पूरे देश का साथ रहने का है, पूरे देश ने तय कर लिया है कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को विश्व में शीर्ष पर पहुंचाना है। श्री शान ने लोकसभा प्रत्याशी अनूप संजय धोत्रे को विजय दिलाने की अपील करते हुए कहा कि कमल का बटन इतनी जोर से दबाना है कि बटन अकोला में दबे और करंट इटली में जाकर लगे।

**************************